राजस्थान सरकार

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

दिनांक :– 04/05/2019

प्रेस विज्ञप्ति

लोहिया महाविद्यालय, चूरू में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में अध्ययनरत विद्यार्थियों में ग्रीष्मावकाश के दौरान कौशल उन्नयन तथा रोजगार दक्षता का विकास करने हेतु दो प्रकार के निःशुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पहला आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं आई.सी.आई.सी.आई. एकेडमी फॉर स्किल्स जयपुर द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान तीन व्यावसायिक क्षेत्रों (सेलिंग स्किल्स, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन तथा रिटेल सेल्स) में 72 दिवस का निःशुल्क प्रशिक्षण जयपुर में 15 मई, 2019 से प्रारम्भ होगा, जिसमें सफलतापूर्वक प्रशिक्षित युवाओं को शत प्रतिशत रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। प्राचार्य प्रो. दिलीप सिंह पूनियां ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय से निर्धारित आवेदन–पत्र प्राप्त कर दिनांक 08.05.2019 तक आवश्यक रूप से जमा करावें।

प्राचार्य ने बताया कि 04 सप्ताह के दूसरे ग्रीष्मावकाश कालीन शिविर में दिनांक 03 जून से 30 जून तक महाविद्यालय में "सॉफ्ट स्किल्स, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी तथा बेसिक नॉलेज ऑफ कम्प्यूटर्स" विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय से निर्धारित आवेदन–पत्र प्राप्त कर दिनांक 13.05.2019 तक आवश्यक रूप से जमा करवा देवे। विद्यार्थी उपर्युक्त दोनों ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु प्रभारी अधिकारी डॉ. के. सी. सोनी (मो. 9414466107) एवं डॉ. महेन्द्र कुमार खारड़िया (मो. 9928273463) से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

Scanned by CamScanner